प्रेरणा
"उसी का कार्य सिद्ध होता है, जो समय को विचार कर कार्य करता है।"

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 03 FEBRUARY TO 09 FEBRUARY 2023 • VOLUME 29 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA
U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

### मुख्यमंत्री ने पंजाब निवासियों को दी एक और गारंटी पूरी की

# 4 फरवरी को सिंगापुर ट्रेनिंग के लिए जायेगा प्रिंसिपल का पहला बैच

### मान ने कहा- पंजाब की शिक्षा क्रांति में मील पत्थर साबित होगा ट्रेनिंग प्रोग्राम

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



पंजाब के लोगों को दी एक और गारंटी पूरी करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को ऐलान किया कि राज्य के सरकारी स्कूलों के 36 प्रिंसिपलों का पहला बैच अपने पेशेवर हुनर को और निखारने के लिए सिंगापुर जायेगा। लोगों के साथ आनलाइन विधि के ज़रिये राबता कायम करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान सभा मतदान के दौरान पंजाब निवासियों को गारंटी दी गई थी कि राज्य में शिक्षा क्षेत्र की मुकम्मल तौर पर कायाकल्प किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अध्यापक राष्ट्र निर्माता हैं जो शिक्षा का स्तर ऊँचा उठा सकते हैं जिस कारण यह गारंटी दी गई थी कि अध्यापकों को विदेशों में उच्च स्तर की ट्रेनिंग देकर उनके अध्यापन हुनर को और निखारा जायेगा। भगवंत मान ने कहा कि इसी गारंटी के आधार पर सरकारी स्कूलों के 36 प्रिंसिपलों का पहला बैच पेशेवर ट्रेनिंग के लिए 4 फरवरी को सिंगापुर रवाना हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रिंसिपल 6 फरवरी से 10 फरवरी तक हो रहे 'प्रोफेशनल टीचर ट्रेनिंग सैमीनार' में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बैच सैमीनार में हिस्सा लेने के बाद 11 फरवरी को वापिस लौटेगा। भगवंत मान ने उम्मीद ज़ाहिर की कि इस क्रांतिकारी कदम से राज्य के लाखों विद्यार्थियों को फ़ायदा होगा क्योंकि सिंगापुर से और महारत हासिल करने से राज्य में शिक्षा का मानक और सुधरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगापुर से वापिस आने के बाद ये प्रिंसिपल अपने अध्यापक साथियों और विद्यार्थियों के साथ तजुर्बे सांझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास अध्यापक की महारत और पेशेवर योग्यता बढ़ाने में सहायक होगा जिससे विद्यार्थियों को मानक शिक्षा मुहैया करवाई जा सके। भगवंत मान ने उम्मीद ज़ाहिर की कि निश्चित रूप से तौर पर यह कदम राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए मील पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को अग्रणी राज्य बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## एलजी साहब से अपील करता हूं कि दिल्ली के टीचर्स को भी ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड जाने दें : केजरीवाल



**नई दिल्ली.** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी से एक बार फिर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश जाने की अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के 36 टीचर्स ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर जा रहे हैं। यह बहुत ख़ुशी की बात है। मैं एलजी साहब से अपील करता हूं कि दिल्ली के टीचर्स को भी ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड जाने दें। दिल्ली की तर्ज पर पंजाब के सरकारी स्कूलों के 36 प्रिंसिपल 6 से 10 फरवरी तक ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर जा रहे हैं, जो वापस आकर अपने स्कूल सुधारेंगे। हमारे 30 प्रिंसिपल दिसंबर में ट्रेनिंग करने जाने वाले थे, लेकिन एलजी साहब की आपत्ति की वजह से नहीं जा पाए। अब हमारे स्कूलों के 30 प्रिंसिपल मार्च में विदेश जाने वाले हैं। 20 जनवरी को हमने तीसरी बार इसकी फाइल भेजी है और तब से यह फाइल एलजी ऑफिस में लंबित पड़ी है। ऐसा लगता है कि यह ट्रेनिंग भी रद हो जाएगी। एलजी साहब का कहना है कि उनको शिक्षकों को विदेश जाने से कोई आपत्ति नहीं है। अगर ऐसा है, तो फिर 15 दिन से फाइल उनके दफ्तर में क्यों लंबित है? मुझे उम्मीद है कि एलजी साहब टीचर्स ट्रेनिंग की फाइल जल्दी क्लियर करेंगे और हमारे टीचर्स को भी विदेश जाने देंगे।

## पहली बार नर्सरी कक्षाओं के विद्यार्थियों को मिलेंगी वर्दियां, 21.10 करोड़ रुपए की राशि जारी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सरकारी प्राइमरी स्कूलों में साल 2017 से चल रही एल. के. जी. और यू. के. जी. कक्षाओं में पढ़ रहे बच्चों को वर्दियाँ देने का फ़ैसला किया है। पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के सरकारी स्कूलों में साल 2017 से चल रही प्री प्राइमरी स्कूलों में पढ़ते 3,51,724 बच्चों को वर्दियाँ दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से 21.10 करोड़ रुपए की रकम जारी की गई है।

बैंस ने बताया कि इन बच्चों को पहले स्कूल वर्दी नहीं दी जाती थी परन्तु मामला जब उनके ध्यान में आया तो इस संबंधी शिक्षा विभाग को तुरंत कार्यवाही करने के लिए कहा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्री प्राइमरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए रोचकता भरपूर विशेष क्लास-रूम भी तैयार करवाए गए हैं। बैंस ने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का लक्ष्य राज्य के शिक्षा ढांचे का हर पक्ष से विकास करना है जिसके अंतर्गत राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

## समान नागरिक संहिता लागू करने पर फिलहाल कोई फैसला नहीं

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्र ने देश में समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। मंत्री "क्या सरकार के पास समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित करने की कोई योजना है" के संबंध में एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। रिजिजू ने कहा कि विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा विचार के लिए लिया जा सकता है। इसलिए, समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

उन्होंने आगे जवाब दिया कि सरकार ने भारत के 21वें विधि आयोग से यूसीसी से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जांच करने और उस पर सिफारिशें करने का अनुरोध किया था। कानून मंत्री ने सूचित किया कि हालांकि, 21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2018 को समाप्त हो गया। क्या सरकार न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया



में अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने की दिशा में बढ़ रही है और क्या सरकार न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) जैसा एक स्वतंत्र नियामक स्थापित करने पर विचार कर रही है? कानून मंत्री ने संसद को सूचित किया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय को 6 जनवरी, 2023 को अपने हालिया संचार में सरकार ने विभिन्न न्यायिक घोषणाओं के मद्देनजर एमओपी को अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया है और अन्य बातों के साथ-साथ सुझाव दिया है कि खोज-सह- सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में मूल्यांकन समिति में भारत सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि शामिल होना चाहिए।

## श्री गुरु रविदास जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए बनारस जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलगाड़ी को मुख्यमंत्री ने दी हरी झंडी

• जालंधर ब्रीज.जालंधर




मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं पर चलते हुए समाज के कमज़ोर और पिछड़े वर्गों की मुश्किलें दूर करने के लिए समर्पित भावना के साथ काम करने का प्रण लिया। गुरूवार को शहर के रेलवे स्टेशन से श्री गुरु रविदास जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए बनारस जा रहे श्रद्धालुओं की रेलगाड़ी बेगमपुरा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री ने डेरा बलां के प्रमुख संत बाबा निरंजन दास जी से आशीर्वाद लिया और इसके उपरांत उन्होंने संबोधन करते हुये कहा कि राज्य सरकार का यह फर्ज बनता है कि वह गरीब से गरीब की भलाई को यकीनी बनाए। भगवंत मान ने कहा कि गुरु रविदास जी के आशीर्वाद से उनकी सरकार बड़े बहुमत से सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि समाज के कमज़ोर वर्ग की भलाई को यकीनी बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने डेरा बल्ला की तरफ से लोगों की भलाई में निभाई जा रही भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने श्रद्धालुओं को राज्य और पवित्र नगरी बनारस की शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए अरदास करने की भी अपील की। इस मौके पर विधायक बलकार सिंह, रमन अरोड़ा, शीतल अंगुराल और इन्द्रजीत कौर मान, डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह, पुलिस कमिश्नर कुलदीप चाहल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रमुख सचिव हिमांशु जैन और अन्य भी उपस्थित थे।

## अडानी मामले पर संसद में हंगामा, विपक्ष बोला- संसदीय कमेटी या सीजेआई के नेतृत्व में हो जांच

**नई दिल्ली.** कई विपक्षी दलों के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग द्वारा अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की और कहा कि यह मुद्दा "करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई को खतरे में डाल रहा है। अडानी बोर्ड द्वारा अपनी प्रमुख शेयर बिक्री को बंद करने के एक दिन बाद, कांग्रेस और अन्य दलों ने संयुक्त संसदीय समिति या अडानी समूह संकट की सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एलआईसी, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा अडानी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्य में गिरावट के मुद्दे पर चर्चा के लिए विपक्ष ने नियम 267 के तहत संसद में निलंबन व्यापार नोटिस दिया है।

हम उस पर चर्चा चाहते थे। हमारे नोटिस खारिज हो जाते हैं। जब हम महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हैं तो चर्चा के लिए समय नहीं दिया जाता। गरीब लोगों का पैसा एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीय बैंकों में है और इसे चुनिंदा कंपनियों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा,



"या तो एक संयुक्त संसदीय समिति या सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई की देखरेख में एक टीम को इसकी जांच करनी चाहिए।" इस बीच, हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर बहस की मांग करने वाले विपक्ष के हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों को आज दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। हमने तय किया कि सदन में इस पर चर्चा करेंगे कि जिनका पैसा एलआईसी में है या अन्य संस्थानों में है वो कैसे बर्बाद हो रहा है। लोगों का पैसा चंद कंपनियों को दिया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आने से कंपनी के शेयर्स गिर गए।

## वर्ष 2022 में घरेलू एयरलाइन में तकनीकी खराबी की 546 घटनाएं आईं सामने

**नई दिल्ली.** सरकार ने गुरुवार को बताया कि पिछले वर्ष घरेलू विमानन कंपनियों को हवाई जहाजों के परिचालन संबंधी तकनीकी खराबी की 546 घटनाओं का सामना करना पड़ा। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में नागर विमानन राज्य मंत्री वी के सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तकनीकी खराबी की इन घटनाओं में इंडिगो को 215 मामलों, स्पाइसजेट को 143



मामलों और विस्तारा को 97 घटनाओं का सामना करना पड़ा।

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा निचले सदन में पेश आंकड़ों के मुताबिक, एअर इंडिया को ऐसी 64 घटनाओं, गो फर्स्ट और आकाशा को क्रमश: 7 और 6 घटनाओं का सामना करना पड़ा।

वर्ष 2022 में दर्ज तकनीकी खराबी के मामलों में एयर एशिया में 8, एलायंस एयर में 3, फ्लाई बिग मे एक, टू जेट में एक और ब्लू डार्ट एविएशन में एक घटनाएं दर्ज की गई। इसमें कहा गया है कि पिछले दो वर्ष में विमानन कंपनियों को तकनीकी खराबी की 1,090 घटनाओं का सामना करना पड़ा।

## विदेश मंत्रालय द्वारा ऑस्ट्रेलिया में तोड़फोड़ की घटनाओं की निंदा

• जालंधर ब्रीज.वर्ल्ड न्यूज

ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी चरमपंथ की घटनाओं पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इस तरह के घटनाओं और तोड़-फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। हमने खालिस्तान जनमत संग्रह को अपनी अस्वीकृति से अवगत कराया है। हमने वहां पर भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। हम इस तरह के घटनाओं और तोड़-फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। सिंधु जल संधि पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने पाकिस्तान को 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए 25 जनवरी को नोटिस जारी किया है।

### तीसरा इंटरपोल यंग ग्लोबल पुलिस लीडर्स प्रोग्राम संपन्न हुआ

# 44 देशों के 59 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

• जालंधर ब्रीज.मुंबई

इंटरपोल यंग ग्लोबल पुलिस लीडर्स प्रोग्राम (वाईजीपीएलपी) के समापन सत्र को सुबोध कुमार जायसवाल, निदेशक, सीबीआई ने गुरूवार को मुंबई में संबोधित किया जिसमें उन्होंने वैश्विक अपराध परिदृश्य में पुलिस एजेंसियों के मध्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर दिया। अपने संबोधन में, उन्होंने यंग पुलिस लीडर्स को विनम्रता एवं व्यापक अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के साथ नेतृत्व के गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। तीसरा इंटरपोल यंग ग्लोबल पुलिस लीडर्स प्रोग्राम, होनहार यंग पुलिस लीडर्स हेतु इंटरपोल का एक प्रमुख नेतृत्व कार्यक्रम है, जिसका आयोजन, भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली; गुजरात एवं भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में दिनाँक 25 जनवरी से 2 फरवरी, 2023 के मध्य किया गया। इस कार्यक्रम में 44 देशों के 59 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य



अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य एवं समझ में अंतर्राष्ट्रीय पुलिस लीडर्स की अगली पीढ़ी को एक साथ लाना और उन्हें सशक्त बनाना है। इंटरपोल के महासचिव युर्गेन स्टॉक ने भी प्रतिभागियों को वर्चुअल माध्यम से परामर्श दी।

इस 9 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को अन्य बातों के साथ-साथ समृद्ध पेशेवर क्षमताओं, नवाचारों एवं भारतीय पुलिस द्वारा विकसित सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी मिली, जो उनके लिए अपने संबंधित देशों में अनुकरण करने के लिए एक नमूना हो सकता है। इस पहल ने विश्वगुरु भारत की भावना के साथ पुलिसिंग डोमेन में अंतर्राष्ट्रीय क्षमता निर्माण की दिशा में योगदान देने का प्रयास किया गया। अपने प्रवास के दौरान, यंग ग्लोबल पुलिस लीडर्स ने गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लिया; राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर श्रद्धांजलि दी; सीबीआई मुख्यालय, ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर का दौरा किया; दिल्ली पुलिस मुख्यालय एवं उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार; विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), केंद्रीय गृह मंत्रालय; निदेशक, सीबीआई एवं सीबीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।

# पार्टनर के साथ बर्फीली वादियों में घूमने का है मन तो यहां देखें अच्छे और सस्ते हिल स्टेशन के नाम

**TRAVELLING**

**सर्दी का मौसम शुरू होते ही लोग हिल स्टेशन की ओर जाना शुरू कर देते हैं। अगर आप भी हिल स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यहां देखिए हिल स्टेशन के नाम-**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

अगर आप अपने रिश्ते में नई ऊर्जा भरना चाहते हैं तो यात्रा पर निकलना अच्छा विकल्प है। भारत में घूमने के लिए काफी कुछ है। यहां रेगिस्तान, समुद्र और पहाड़ सब कुछ है। अब मौसम में हल्की ठंडक हो गई है तो ऐसे में लोग अपने पार्टनर के साथ हिल स्टेशन की और जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। अगर आप भी हिल स्टेशन पर जाना चाहते हैं तो यहां कुछ अच्छे और सस्ते हिल स्टेशन के बारे में बता रहे हैं।

**भीमताल, नैनीताल**

दिल्ली से 300 किमी के पास ये बेस्ट और सस्ता हिल स्टेशन है। नैनीताल की तरह, भीमताल भी एक नेचुरल झील के चारों ओर स्थित है। यहां की झील पुराने पहाड़ी शहर की तुलना में काफी बड़ी है। यहां घूमने के लिए भीमताल झील, भीमताल द्वीप, भीमेश्वर महादेव मंदिर, सयाद बाबा की मजार, लोक संस्कृति म्यूजियम है। यहां जाने के लिए अक्टूबर से जून का महीना सबसे अच्छा है।

**रानीखेत, उत्तराखंड**

लगभग 6100 फीट की ऊंचाई के कारण यहां खूब ठंडक होती है। जब आप रानीखेत जाते हैं तो एक कैमरा साथ लाएं क्योंकि आप यहां से बर्फ से ढके पहाड़ों के खूबसूरत नजारे को कैप्चर कर सकते हैं। रानीखेत में घूमने के लिए रानी झील, रानीखेत गोल्फ कोर्स, आशियाना पार्क, मनकामेश्वर मंदिर, हैदाखान बाबा मंदिर, बिनसर महादेव मंदिर, भालु बांध, तारीखेत, उपट कालिका मंदिर है। अक्टूबर से जून का महीना सबसे अच्छा है।

**चैल, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल प्रदेश में 7300 फीट ऊंचे इस छोटे से गांव में दुनिया का सबसे ऊंचा क्रिकेट मैदान है। ये सबसे शांत पहाड़ी गांव है। चैल में देखने के लिए स्कूल प्ले ग्राउंड, साधुपुल झील, चैल पैलेस, काली का टिब्बा, गुरुद्वारा साहिब, सिद्ध बाबा मंदिर, चैल अभयारण्य है। चैल जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से जून का है।

**नारकंडा, शिमला**

ठंडे पहाड़ी मौसम का मजा लेने के लिए एक और बढ़िया जगह, नारकंडा है। नारकंडा में देखने के लिए फेमस जगह हाटू पीक, स्टोक्स फार्म, कचेरी में महामाया मंदिर है। नारकंडा घूमने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से जून है दिल्ली से हिल स्टेशन की दूरी 420 किमी है।

---

**FASHION+**

## रश्मिका मंदाना ने पार्टी करने के लिए पहन ली मिनी स्कर्ट संग हूडी, देखें कैसा है मिशन मजनू की एक्ट्रेस का लुक

रश्मिका मंदाना ने मिशन मजनू की सक्सेज पार्टी के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ ड्विनिंग की। छोटी सी स्कर्ट और साथ में काले रंग की क्रॉप हुडी में रश्मिका मंदाना लग रहीं है गॉर्जियस।



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

रश्मिका मंदाना इन दिनों फिल्म मिशन मजनू की वजह से सुर्खियों में है। साउथ के बाद अब वो हिंदी फिल्मों के जरिए फैंस को इंप्रेस कर रही हैं। वहीं उनका फैशन सेंस भी बाकी फिल्मी हसीनाओं से हटके दिखता है। फिल्म मिशन मजनू की सक्सेस पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंची रश्मिका ने स्टाइलिश बट कंफर्टेबल आउटफिट को चुना। जिसमे वो खूबसूरत दिख रही थीं।

**पार्टी के लिए चुनी ये ड्रेस |** सक्सेज पार्टी में शामिल होने के लिए रश्मिका ने सफेद रंग की टाइट फिटिंग मिनी स्कर्ट को कैरी किया था। जिस पर मैचिंग सिल्वर कलर की एंब्रायडरी की गई थी। वहीं इस हाई वेस्ट शार्ट स्कर्ट के साथ ब्लैक क्रॉप हुडी को मैच किया गया था। फुल स्लीव और ओवरसाइज डिजाइन की हुडी के बैक पर ग्लिटरी बटरफ्लाई बना था। रश्मिका ने इस क्रॉप हूडी और मिनी स्कर्ट को प्वाइंटेड पम्प्स के साथ पेयर किया था।

**स्टाइल दिखा सिंपल |** पार्टी के लिए रश्मिका ने बिल्कुल कैजुअल लुक को कैरी किया था। स्लीक पोनीटेल और पिंक लिपस्टिक के साथ बीमिंग हाईलाइटर चेहरे पर शाइन ला रहा था। वहीं पर्ल हूप्स ईयररिंग इस ड्रेस के साथ परफेक्टली मैच हो रहे थे।

## रश्मिका मंदाना की खूबसूरत स्किन का राज है ये रूटीन, शूटिंग से लौटते ही करती हैं ये काम



रश्मिका मंदाना अपनी क्यूट सी स्माइल से फैंस का दिल चुरा लेती हैं। साउथ के बाद अब वो हिंदी फिल्मों में नजर आ रही हैं। फिल्मों के साथ ही उनका फैशन सेंस भी शानदार है। वहीं उनकी चमकती स्किन हर किसी का ध्यान खींच लेती हैं। रश्मिका डेली रूटीन के जरिए अपनी स्किन का पूरा ध्यान रखती हैं। रेडिफ डॉट कॉम को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वो स्किन की देखभाल के साथ ही एक्सरसाइज और डाइट का भी पूरा ध्यान रखती हूं। जिससे चेहरे पर ग्लो दिखता है।

**शूटिंग से लौटकर करती हैं ये काम |** शूटिंग से लौटने के बाद रश्मिका अपने मेकअप को साफ करती हैं और चेहरे को क्लीन कर लेती हैं। ढेर सारे मेकअप को उतारने के बाद वो स्किन को ब्रीद लेने के लिए ऐसे ही छोड़ देती हैं। साथ ही घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन लगाना कभी नहीं भूलती।

**सुबह उठते ही करती हैं ये काम |** रश्मिका अपने दिन की शुरूआत पानी के साथ करती हैं। जिससे उनके चेहरे पर दिनभर ग्लो बना रहता है और स्किन नेचुरली हाइड्रेट रहती है।

**नाइट स्किन केयर रूटीन करती हैं फॉलो |** रात को सोने से पहले रश्मिका चेहरे की डर्ट और टायर्डनेस को दूर करती हैं। इसके बाद नाइट क्रीम और मॉइश्चराइजर अप्लाई करती हैं। मिस मंदाना स्किन के साथ ही होठों का भी पूरा ख्याल रखती हैं और लिप बॉम को बिल्कुल भी स्किप नहीं करती हैं। जिससे उनके चेहरे के साथ ही होंठ भी सॉफ्ट और पिंक दिखते हैं।

## गोलगप्पों का स्वाद होगा और भी मजेदार, घर में बनाएं पुदीने का चटपटा पानी



बाजार का चटपटा गोलगप्पा तो हर किसी को पसंद आता है लेकिन हाइजीन की वजह से अगर बच्चों को नहीं खिलातीं तो इन्हें घर में ही तैयार करें। पुदीने के स्वाद वाला चटपटा पानी बनाने का तरीका बहुत आसान है।

• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

स्ट्रीट फूड में गोलगप्पे का स्वाद तो लगभग हर किसी को पसंद आता है। बच्चे हो या बड़े सड़क के किनारे लगे ठेले पर गोलगप्पों का स्वाद हर कोई चखना चाहता है। अगर आप उन गोलगप्पों को हाईजीन की वजह से बच्चों को नहीं खाने देती। तो घर में ही चटपटे पुदीने वाली पानी के साथ घर में खिला सकती हैं। फूले हुए गोलगप्पों में मटर और आलू की स्टफिंग के साथ पानी का स्वाद हर किसी को पसंद आएगा। तो चलिए जानें कैसे बनाएं घर में चटपटा पुदीने वाला पानी।



**गोलगप्पे बनाने की सामग्री**

- एक चौथाई कप मैदा
- एक कप सूजी
- चार से पांच उबले आलू
- बारीक कटा प्याज
- 2 हरी मिर्च
- पुदीने का पत्ता
- जलजीरा पाउडर
- दही आधा कप
- इमली चटनी दो चम्मच
- चाट मसाला
- बूंदी
- काली मिर्च पाउडर आधा चम्मच
- धनिया की पत्ती
- तलने के लिए तेल
- नमक स्वादानुसार

**गोलगप्पे बनाने की विधि**

फूले हुए गोलगप्पे बनाने के लिए सबसे पहले किसी बर्तन में सूजी और मैदा को लें। इसमे चुटकीभर नमक डालकर मिला लें। पानी से सख्त आटा गूंथ लें। आटे को ढंककर रख दें। कुछ देर बाद सारे आटे की छोटी लोई बनाकर बेल लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और तल लें। स्टफिंग बनाने के लिए आलू और मटर को उबाल लें। आलू को छीलकर मैश कर लें और इसमे बारीक कटी हरी मिर्च, प्याज डालें। साथ में चाट मसाला, नमक, काली मिर्च डालें।

**चटपटा पानी तैयार करें**

चटपटा पानी बनाने के लिए पानी को हल्का सा गुनगुना कर लें। अब इसमे जलजीरा पाउडर और नमक मिलाकर रख दें। मिक्सी के जार में पुदीना और धनिया की पत्ती डालें। साथ में हरी मिर्च, काला नमक और अमचूर पाउडर डालकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को पानी में मिलाएं।

स्वादानुसार नमक बढ़ाएं। बस पानी में बूंदी डालें और तैयार है गोलगप्पे का चटपटा पानी। इसे थोड़ी देर रखकर ठंडा कर लें और सर्व करें।

## नए दोस्त बनाने में आपको भी होती है परेशानी? ये टिप्स कर देंगे हर मुश्किल आसान

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

**FRIENDSSHIP**



एक अच्छा दोस्त न सिर्फ आपके उदास चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान लाता है बल्कि आपको जीवन में आगे बढ़ने का हौसला भी देता है। दोस्तों के इतने फायदे होने के बावजूद अक्सर कई बार लोगों की खुद से यह शिकायत रहती है कि उनसे अच्छे दोस्त नहीं बन पाते हैं। ये लोग इंट्रोवर्ट होने की वजह से चाहते हुए भी नए लोगों से बातचीत करने और नए दोस्त बनाने में संकोच महसूस करते हैं। अगर आप भी ऐसा ही महसूस करते हैं तो ये रिलेशनशिप टिप्स आपके नए दोस्त बनाने की झिझक को खत्म करने में आपकी मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

**कंफर्टेबल होना जरूरी |** नए लोगों से बातचीत करने और उन्हें दोस्त बनाने के लिए आपको सबसे पहले खुद कंफर्टेबल होना जरूरी होता है। इसके लिए सबसे पहले उन लोगों के साथ ज्यादा समय बताएं जिनके साथ आप कंफर्टेबल और सहज महसूस करते हैं। अपनी झिझक को दूर करने के लिए धीरे-धीरे लोगों से बातचीत करने और आई कंटेक्ट बनाने की कोशिश करें।

**हमेशा हंसते और खुश रहिए |** ऐसे इंसान को कोई भी अपना दोस्त नहीं बनाना चाहेगा, जो हर समय दुखी रहता हो या फिर जब कभी आप उसके पास बैठें या उससे बातें करें तो वो हर समय आपके सामने दुखी होने वाली ही बातें करें। ऐसे में अगर आप भी अच्छे दोस्त बनाना चाहते हैं, तो हर समय खुश रहे और हंसते रहे। याद रखें, जो इंसान हर समय खुश रहता है और आपको भी खुश रखता है, ऐसे इंसान के साथ हर कोई दोस्ती करना चाहता है।

**कॉमन इंटरेस्ट |** किसी भी व्यक्ति से दोस्ती करना तब आसान हो जाता है, जब आपके और उसके इंटरेस्ट कॉमन हो। दोस्त बनाने और अपनी स्किल्स को बढ़ाने के लिए ग्रुप एक्टिविटीज में ज्यादा से ज्यादा भाग लें। ऐसा करने से आपकी लोगों के साथ बात करने की झिझक कम होगी।

**खुलकर करें बात |** दोस्त उन्हीं लोगों के बनते हैं जो दूसरों के साथ खुलकर बातें करने के अलावा उनके ही रंग में पूरी तरह से रंग जाते हैं। ऐसे में अगर आप खुलकर बात करने का हुनर सीख जाते हैं तो आप किसी भी व्यक्ति को बहुत जल्द आपना दोस्त बना सकते हैं।

**लोगों की करें मदद |** अगर आप अच्छे मित्र बनाना चाहते हैं, तो दूसरों की मदद करना शुरू कर दें क्योंकि जो इंसान दूसरों की मदद करता है, उस इंसान को सभी पसंद करते हैं।

## इम्यूनिटी बूस्टर का काम करता है दूध और दालचीनी

**दूध में हल्दी मिलाकर पीने से तो सेहत को कई सारे फायदे होते हैं। क्या आप दालचीनी और शहद को दूध में मिलाकर पीने के फायदे जानते हैं? इसे पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होने के साथ ही ज्वॉइंट्स पेन दूर होता है।**

**HEALTH+**



• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

दूध को संपूर्ण आहार माना गया है। तभी तो नवजात शिशुओं को दूध पिलाया जाता है। पोषक तत्वों से भरपूर दूध बच्चों से लेकर बड़े हर किसी की डाइट में होता है। कैल्शियम से भरपूर दूध पीने से दांतों और हड्डियों को मजबूती मिलती है। साथ ही प्रोटीन और विटामिन्स भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं।

सर्दी-जुकाम होने पर दूध में हल्दी मिलाकर तो बहुत लोग पीते हैं और इसके फायदे भी जानते हैं। लेकिन क्या आप दूध में दालचीनी मिलाकर पीने के फायदे जानते हैं? दूध में दालचीनी और शहद मिलाकर पीने से शरीर की तमाम बीमारियों में राहत मिलती है और कई सारी बीमारियां पास भी नहीं फटकती।

**दूध में मिलाएं दालचीनी और शहद**

दालचीनी का पाउडर मिलाकर इसे दूध में मिलाएं और साथ में थोड़ा सा शहद भी डाल लें। दालचीनी में आयरन, विटामिन ए, मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटैशियम और फास्फोरस भरपूर मात्रा में होता है। वहीं शहद एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरा रहता है। इन दोनों को मिलाकर पीने से शरीर को जबरदस्त फायदे होते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्टर का करता है काम**

जरा सा मौसम बदलते ही कई सारे लोगों को छींक, खांसी आने लगती है। जल्दी-जल्दी सर्दी जुकाम होने का मतलब है कि इम्यूनिटी बहुत कमजोर है। रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम होने पर दूध में दालचीनी और शहद मिलाकर पीने से ये बढ़ती है और संक्रमण से बचाव होता है।



**डाइजेशन पर भी दिखाता है असर**

डाइजेशन सिस्टम कमजोर रहता है और कब्ज की शिकायत रहती है तो उन्हें दूध में दालचीनी मिलाकर पीनी चाहिए। खाना ना पचने, गैस, एसिडिटी होने पर ये मिल्क काफी फायदा करता है।

**दालचीनी और शहद से कोलेस्ट्रॉल होगा कम**

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या इन दिनों काफी ज्यादा देखी जा रही है। इससे नसें ब्लॉक हो जाती है और स्ट्रोक का खतरा हो जाता है। ऐसे में दालचीनी और शहद को दूध में मिलाकर पीने से कोलेस्ट्रॉल कम होता है। साथ ही जोड़ों में होने वाले दर्द में भी ये दूध राहत पहुंचाता है।

# पहली जी-20 इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक








जी20 प्रेसीडेंसी के तहत इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक चंडीगढ़ में हुई। इस दौरान देश-विदेश से एकत्रित लोगों ने भारतीय कल्चरल प्रोग्राम का आनंद लिया।

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

भारत की जी20 प्रेसीडेंसी के तहत इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक 30-31 जनवरी, 2023 को चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर वर्किंग ग्रुप अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में कमजोरियों के समाधान पर चर्चा करने, विकास के लिए वित्तपोषण बढ़ाने और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना (इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर) को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

- बैठक का उद्घाटन कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने किया। चंडीगढ़ के खूबसूरत शहर में प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए, मंत्रियों ने अपने उद्घाटन भाषणों में, "वसुधैव कुटुम्बकम": "एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य" के विषय पर भारतीय प्रेसीडेंसी की भावना को प्रतिबिंबित किया।
- बैठक की सह-अध्यक्षता फ्रांस और दक्षिण कोरिया ने की। बैठक में भारतीय अध्यक्षता का प्रतिनिधित्व आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया गया।
- भारत की जी20 प्रेसीडेंसी के तहत इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर वर्किंग ग्रुप के एजेंडे पर जी20 सदस्यों के विचार जानने के उद्देश्य से बैठक दो दिनों तक आयोजित की गई। बैठक के दौरान "सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) -अवसर और चुनौतियां" पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। साइड-इवेंट का उद्देश्य सीबीडीसी'स पर देश के अनुभवों को साझा करना और सीबीडीसी'स के मैक्रोप्रूडेंशियल निहितार्थों पर गहरी समझ विकसित करना था।
- बैठक में जी20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (आईओ) के लगभग 100 प्रतिनिधियों की भागीदारी देखी गई। चंडीगढ़ के इस खूबसूरत शहर में जी20 प्रतिनिधिमंडलों, आमंत्रितों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की उपस्थिति भारत की जी20 अध्यक्षता का समर्थन करने के लिए वैश्विक समुदाय की मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।
- प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ की जीवंतता का अनुभव करने का अवसर भी प्रदान किया गया। 29 जनवरी को डेलिगेट्स के लिए पोलो मैच का आयोजन किया गया। डेलीगेट्स के लिए चंडीगढ़ के प्रसिद्ध स्थानों का दौरा आयोजित किया गया। उन्हें इस शहर के व्यंजन और कला का स्वाद चखने का अवसर भी प्रदान किया गया। चंडीगढ़ की बहु-सांस्कृतिक सेटिंग में निहित नृत्य और संगीत प्रदर्शन ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया।
- इस बैठक में बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने और सुधार करने और बिगड़ती ऋण स्थिति को देखते हुए ऋण सेवा निलंबन पहल (डीएसएसआई) से परे ऋण उपचार के लिए जी20 कॉमन फ्रेमवर्क से जुड़े कार्यान्वयन चुनौतियों का समाधान करने के तरीक़ों सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। 2023 में समूह का ध्यान विकास के लिए वित्तपोषण बढ़ाने के लिए वैश्विक कार्रवाई का समर्थन करने के साथ-साथ सीमा पार चुनौतियों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कमजोर देशों का समर्थन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को मजबूत करना है।
- इस बैठक में होने वाली चर्चाओं के बारे में भारत की प्रेसीडेंसी के तहत पहली जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स की बैठक को जानकारी दी जाएगी, जो 24-25 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी।

## 7 लाख रुपए तक की आय वाले व्यक्तियों को नई कर व्यवस्था में कोई आयकर नहीं चुकाना पड़ेगा

*बजट का तीसरा प्रस्ताव वेतनभोगी वर्ग तथा पारिवारिक पेंशनभोगियों सहित पेशनभोगियों को काफी राहत प्रदान करता है, क्योंकि वित्त मंत्री ने मानक कटौती का लाभ नई कर व्यवस्था को विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज 01 फरवरी, 2023 को संसद में केन्द्रीय बजट 2023-24 पेश करते हुए देश के कड़ी मेहनत करने वाले मध्य वर्ग को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से व्यक्तिगत आयकर के संबंध में 5 प्रमुख घोषणाएं कीं। ये घोषणाएं छूट, कर संरचना में बदलाव, नई कर व्यवस्था में मानक छूट के लाभ का विस्तार सर्वोच्च सरचार्ज दर में कटौती तथा गैर सरकारी वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर अवकाश नकदीकरण पर कर छूट की सीमा का विस्तार से संबंधित हैं और इनसे कामकाजी मध्य वर्ग को ठोस लाभ प्राप्त होगा।

छूट के संबंध में अपनी पहली घोषणा में, उन्होंने नई कर व्यवस्था में छूट सीमा को बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया, जिसका अर्थ यह होगा कि नई कर व्यवस्था में 7 लाख रुपए तक आय वाले व्यक्तियों को कोई कर अदा नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में, 5 लाख रुपए तक की आय वाले व्यक्ति पुरानी तथा नई दोनों कर व्यवस्थाओं में किसी कर का भुगतान नहीं करते।

मध्य वर्गीय व्यक्तियों को राहत प्रदान करते हुए उन्होंने स्लैब की संख्या को घटाकर 5 करने तथा कर छूट सीमा को बढ़ाकर 3 लाख करने के द्वारा नई व्यक्तिगत आयकर व्यवस्था में कर संरचना में बदलाव का प्रस्ताव रखा।

**नई कर दरें**

| कुल आय (रुपया) | दर (प्रतिशत) |
|---|---|
| 0-3 लाख तक | शून्य |
| 3-6 लाख तक | 5 |
| 6-9 लाख तक | 10 |
| 9-12 लाख तक | 15 |
| 12-15 लाख तक | 20 |
| 15 लाख से अधिक | 30 |

यह नई व्यवस्था में सभी करदाताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगा। 9 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले व्यक्ति को केवल 45 हजार रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। यह उसकी आय का केवल 5 प्रतिशत है। यह उस राशि, जिसका उसे भुगतान करने की आवश्यकता है अर्थात 60,000 रुपए पर 25 प्रतिशत की कटौती है। इसी प्रकार 15 लाख रुपए की आय वाले व्यक्ति को केवल 1.5 लाख रुपए या उसकी आय का 10 प्रतिशत भुगतान करने की आवश्यकता है, जो 1,87,500 रुपए की वर्तमान देयता से 20 प्रतिशत कम है।

बजट का तीसरा प्रस्ताव वेतनभोगी वर्ग तथा पारिवारिक पेंशनभोगियों सहित पेशनभोगियों को काफी राहत प्रदान करता है, क्योंकि वित्त मंत्री ने मानक कटौती का लाभ नई कर व्यवस्था को विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा। 15.5 लाख रुपए या अधिक आय वाले प्रत्येक वेतनभोगी व्यक्ति को इस प्रकार 52,500 रुपए का लाभ प्राप्त होगा। वर्तमान में केवल 50,000 रुपए की मानक कटौती वेतनभोगी व्यक्तियों तथा 15,000 रुपए तक की पारिवारिक पेंशन से कटौती की पुरानी व्यवस्था के तहत अनुमति है।

व्यक्तिगत आयकर के संबंध में अपनी चौथी घोषणा के हिस्से के रूप में, श्री निर्मला सीतारमण ने 2 करोड़ रुपए से अधिक की आय के लिए नई कर व्यवस्था में सर्वोच्च सरचार्ज दर को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा। इसके परिणामस्वरूप, अधिकतम कर दर वर्तमान 42.74 प्रतिशत, जो विश्व में सर्वाधिक है, से घटकर 39 प्रतिशत पर आ जाएगा। बहरहाल उनके लिए सरचार्ज में कोई परिवर्तन नहीं है जो इस आय समूह में पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प चुनते हैं।

5वीं घोषणा के हिस्से के रूप में, बजट में सरकारी वेतनभोगी वर्ग के अनुरूप गैर सरकारी वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर 25 लाख रुपए के अवकाश नकदीकरण पर कर छूट की सीमा के विस्तार का प्रस्ताव रखा गया है। वर्तमान में अधिकतम राशि जिस पर छूट प्रदान की जा सकती है, 3 लाख रुपए हैं।

बजट में नई आयकर व्यस्था को डिफॉल्ट कर व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। तथापि, नागरिक पुरानी कर व्यवस्था के लाभ उठाने के विकल्प का उपयोग करते रहेंगे।

## श्रीलंका और पाक के बाद बांग्लादेश भी कंगाली की राह पर! क्यों फंसा भारत का एक और पड़ोसी

*रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते कई एशियाई देशों में आर्थिक संकट गहरा गया है। फॉसिल फ्यूल के आयात के संकट के बाद बांग्लादेश का बुनियादी ढ़ाचा काफी प्रभावित हुआ है। यहां विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी आई है।*



• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

पाकिस्तान और श्रीलंका के बाद भारत के एक और पड़ोसी देश बांग्लादेश की माली हालत खस्ता है। डॉलर की कमी झेल रहे बांग्लादेश में महंगाई और उत्पादों के निर्यात पर भारी संकट बना हुआ है। अप्रैल 2022 से बांग्लादेश की तरफ से आयात के प्रतिबंधों सहित कई उपायों के बावजूद यहां की आर्थिक स्थिति बेहतर बहाल नहीं हो पा रही है। ईंधन और गैस की कीमतों में लगातार बढ़त आम जनता और यहां के उद्योग धंधे पर असर डाल रहा है।

एक्सपर्ट्स की माने तो विदेशी मुद्रा संकट और अवैध लेनदेन के कारण बांग्लादेश में समग्र आर्थिक गतिविधियों को नुकसान पहुंचा रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार के पर्याप्त नहीं होने के कारण कई व्यापारिक बैंक आयात को लेकर लेटर ऑफ क्रेडिट जारी नहीं कर पा रहे हैं।

बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर सालेहुद्दीन अहमद का मानना है कि जब तक ओवर-इनवॉइसिंग और हुंडी की जांच नहीं होती, तब तक डॉलर की कमी बनी रहेगी। सालेहुद्दीन अहमद ने चेतावनी देते हुए कहा, "सरकार को तुरंत ओवर-इनवॉइसिंग की जांच करनी चाहिए।"

**आईएमएफ के लोग से क्या कम होगी परेशानी?**

इधर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए 4.7 बिलियन डॉलर के समर्थन लोन पैकेज पर हस्ताक्षर किया हैं। जिससे बांग्लादेश बढ़ती ऊर्जा और खाद्य लागत से निपटने में मदद मिलेगी।

**बुनियादी सुविधाओं में आई है कमी**

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद फॉसिल फ्यूल के आयात पर निर्भर बांग्लादेश को आर्थिक और बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल 13 घंटे तक के राष्ट्रव्यापी ब्लैकआउट ने बिजली ग्रिड को प्रभावित किया। बांग्लादेश में विदेशी मुद्रा भंडार 46 अरब डॉलर से 34 अरब डॉलर तक गिर गया है। आईएमएफ लोन का उपयोग बांग्लादेश इसे बढ़ाने के लिए कर सकता है।

**करेंसी में गिरावट से बढ़े दाम :**

पिछले मई से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले स्थानीय मुद्रा में लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे पेट्रोल और बिजली की लागत बढ़ गई है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में काफी असर पड़ा। तंग हाल सरकार विपक्ष के निशाने पर विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने संकट के लिए सरकार को दोषी ठहराया है, उस पर अरबों डॉलर की वैनिटी परियोजनाओं पर नकदी बर्बाद करने का आरोप लगाया है। इसके चलते शेख हसीना के इस्तीफे और आम चुनाव की मांग कराने की मांग तेज हो गई है।

**पाकिस्तान-श्रीलंका के साथ आ खड़ा है बांग्लादेश**

बांग्लादेश उन कई दक्षिण एशियाई देशों में से एक है जो पिछले एक साल में आर्थिक झटके से निपटने की कोशिश कर रहा है, जिसमें पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं।

## डॉक्यूमेंट्री विवाद में भारत के साथ खड़ा हुआ रूस, बीबीसी पर इन्फॉर्मेशन वार फैलाने का लगाया आरोप

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी बीबीसी की विवादित डॉक्यूमेंट्री को लेकर भारत के साथ रूस खड़ा हुआ है। रूस ने बीबीसी पर न केवल उसके विरूद्ध बल्कि स्वतंत्र नीति अपना रहे अन्य ग्लोबल सेंटर्स के खिलाफ भी 'सूचना युद्ध' छेड़ने का आरोप लगाया है। कुछ दिनों पहले ही इस ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर ने पीएम मोदी पर विवादास्पद सीरीज जारी की थी। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' 2 भाग में है, जिसमें दावा किया गया है कि यह 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित कुछ पहलुओं की पड़ताल पर आधारित है। साल 2002 में पीएम मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे।



बीबीसी की ओर से न केवल रूस बल्कि स्वतंत्र नीति अपना रहे अन्य वैश्विक केंद्रों के विरूद्ध भी सूचना युद्ध छेड़ने का यह एक और सबूत है। वर्षों से पता है कि दूसरों के खिलाफ कुछ गुटों के हितों का औजार बनने के लिए बीबीसी ब्रिटिश सेना के भीतर भी लड़ रहा है। बीबीसी के साथ वैसा ही बर्ताव होना चाहिए।'

वहीं, ब्रिटेन में विभिन्न प्रवासी भारतीय संगठनों के सैकड़ों सदस्यों ने इस डॉक्यूमेंट्री के विरोध में लंदन में बीबीसी मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम, ग्लासगो और न्यूकैसल में बीबीसी स्टूडियो में 'चलो बीबीसी' विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने 'बायकॉट बीबीसी', 'ब्रिटिश बायस कॉर्पोरेशन' और 'स्टॉप द हिंदूफोबिक नैरेटिव', 'बीबीसी शर्म करो' और 'भारत माता की जय' जैसे नारे लिखी तख्तियां लहराईं। प्रदर्शनकारी ने कहा कि पीएम मोदी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री अत्यंत पक्षपातपूर्ण है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को अपने हाल पर छोड़ा, एफ-16 लड़ाकू विमान का करार किया रद्द

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल पूरा होने वाला है। दोनों देशों के बीच की तकरार कब खत्म होगी, इसे लेकर कोई आसार निकट भविष्य में नजर नहीं आ रहा है। रूस लगातार अपने हमले से यूक्रेन पर आग बरसा रहा है लेकिन यूक्रेन भी अपने हौसलों को बुलंद कर घुटने नहीं टेक रहा। दोनों देशों के बीच की लड़ाई में यूरोपीय देश और अमेरिका अपनी-अपनी तरफ से यूक्रेन को सहयोग कर रहे हैं। इसी बीच अमेरिका, यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देने के करार से पीछे हट गया है।

**वादे से पीछे हटा अमेरिका :** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन ने जो एफ-16 लड़ाकू विमान मांगे हैं, उन्हें अमेरिका मुहैया नहीं कराएगा। बाइडेन का यह बयान तब सामने आया जब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि वे रूसी हमले का बदला लगातार ले रहे हैं।

पिछले हफ्ते ही, यूएसए और जर्मनी की तरफ से रूसी सेना के खिलाफ यूक्रेन को भारी टैंक देने की बात कही गई थी।

**भारी टैंकों का जत्था यूक्रेन रवाना :** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, हाल के सप्ताहों में पश्चिमी देशों की तरफ से यूक्रेन को सैकड़ों आधुनिक टैंक और बख्तरबंद गाड़ियों की डिलीवरी की गई थी। ये टैंक कीव के अत्यधिक सर्दी में सैनिकों को अपनी कार्रवाई करने में मदद करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया में मटर बराबर कैप्सूल खोने से क्यों मच गया हड़कंप, सरकार अलर्ट; जानिए कितना है घातक

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज




ऑस्ट्रेलिया में एक मटर बराबर छोटा-सा कैप्सूल गुम हो गया, जिससे हर तरफ हड़कंप मच गया। इससे ऑस्ट्रेलियाई सरकार अलर्ट मोड पर आ गई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि दो हफ्ते पहले एक रेगिस्तानी खदान से पर्थ शहर को ले जाते समय कैप्सूल एक ट्रक से गिर गया था। दरअसल, कैप्सूल के खोने से प्रशासन से सरकार तक परेशान इसलिए है, क्योंकि यह रेडियोएक्टिव कैप्सूल है और काफी घातक है। कैप्सूल के गुम होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के फायर और इमरजेंसी सर्विसेज दिन-रात उसे ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं।

**जानिए आखिर कब खोया?**

दरअसल, 25 जनवरी को पता चला कि यह कैप्सूल कहीं खो गया है। इसे 12 जनवरी को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य में एक खनन स्थल से एक ट्रक द्वारा रखा गया था। ट्रक 16 जनवरी को पर्थ में एक डिपो पर पहुंचा जहां निरीक्षण के बाद पता चला कि गेज टूटा हुआ था और कैप्सूल गायब था। अधिकारियों को संदेह है कि ट्रक से कंपन के कारण पेच और बोल्ट ढीले हो गए, और गेज से रेडियोएक्टिव कैप्सूल पैकेज से बाहर गिर गया और फिर ट्रक से बाहर कहीं गिर गया। इस कैप्सूल के काफी छोटा होने की वजह से इसे ढूंढना काफी मुश्किल है। हालांकि, ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में परमाणु भौतिकी और अनुप्रयोग विभाग चलाने वाले एंड्रयू स्टचबेरी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि कैप्सूल को खोजना असंभव नहीं है क्योंकि खोजकर्ता रेडिएशन डिटेक्टरों से लैस हैं।

### मान सरकार पंजाब को कार्बन-मुक्त राज्य बनाने के लिए प्रयत्नशील

# अमन अरोड़ा द्वारा सरकारी और निजी संस्थाओं को राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों का वितरण

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



राज्य में ऊर्जा संरक्षण को उत्साहित करके लोगों के लिए साफ-सुथरा और हरा-भरा वातावरण यकीनी बनाने के लिए पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने आज यहां कनफैडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रियलिस्टज़ (सी. आई. आई) के उत्तरी क्षेत्र के हैडक्वाटर में सरकारी और निजी क्षेत्र की संस्थाओं को राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से सम्मानित किया।

पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) की तरफ से करवाए गए राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण दिवस और अवार्ड समागम को संबोधन करते हुये श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार पंजाब को कार्बन-मुक्त करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है, इसलिए ऊर्जा की बचत की तरफ ध्यान केंद्रित किया गया है जिससे वातावरण को बचाने के लिए ग्रीन हाउस गैसों के निकास को घटाया जा सके।

कैबिनेट मंत्री ने कहा की बिजली उत्पादन के लिए रिवायती ईंधण पर निर्भरता बहुत ज्यादा है, जिससे प्रदूषण होने के साथ-साथ वातावरण के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने जोर दिया कि उद्योगों के विस्तार और अन्य बुनियादी ढाँचे की जरूरत के मद्देनजर बिजली की मांग दिनों-दिन बढ़ रही है, इसलिए रिवायती ऊर्जा के विकल्प के तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, हाइडल और बायोमास को अपनाना समय की मुख्य जरूरत है।

उन्होंने बताया कि पंजाब में लगभग 2150 मेगावाट क्षमता के नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजैक्ट लगाए गए हैं, जो कुल स्थापित क्षमता का लगभग 16 प्रतिशत है। इसमें से राज्य में 1200 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इसके इलावा पंजाब ने राज्य में लागू कम्पोजिट क्लाइमेट जोन के लिए नेशनल एनर्जी कंजरवेशन बिल्डिंग कोड में संशोधन करके पंजाब एनर्जी कंजरवेशन बिल्डिंग कोड (ई. सी. बी. सी) को विकसित करने और नोटीफायी करने में अग्रणी भूमिका निभायी है। इसको इमारती कानूनों में शामिल करके लागू किया जा रहा है। नयी बनने वाली व्यापारिक इमारतों में 8 प्रतिशत वृद्धि को ध्यान में रखते हुये पंजाब ई. सी. बी. सी. के प्रयोग से 18 मिलियन यूनिट बिजली का उपभोग घटेगा, जिससे 15 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड की निकासी में कमी आयेगी, जो प्रति साल 6 लाख वृक्ष लगाने के बराबर है।

## कांस्टेबलों की भर्ती के लिए प्री-रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग काडर शुरू

**जालंधर ब्रीज.जालंधर :** पंजाब पुलिस में कांस्टेबलों भर्ती तैयारी के लिए योग्य उम्मीदवार के लिए जिला रक्षा सेवाए भलाई दफ़्तर में प्री-रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग कैडर शुरू किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रक्षा सेवाए कल्याण दफ़्तर के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब पुलिस में कांस्टेबल की तैयारी के लिए जिला रक्षा सेवा कल्याण कार्यालय में प्री रिक्रूटमेंट क़ाडर शुरू किया गया है।उन्होंने कहा कि इच्छुक पुरुष उम्मीदवार अपनी प्रारंभिक जांच और स्क्रीनिंग के लिए जिला रक्षा सेवाए कल्याण दफ़्तर, शास्त्री मार्केट में रिपोर्ट कर सकते हैं। प्रशिक्षण के इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों की असल और फोटोकॉपी साथ लेकर आए। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7340982774 पर संपर्क किया जा सकता है।

## श्री गुरू रविदास जी के प्रकाश पर्व पर मीट की दुकानें बंद रखने के आदेश

**जालंधर ब्रीज.कपूरथला :** श्री गुरू रविदास जी के प्रकाश पर्व के चलते जिला मैजिस्ट्रेट-कम-डिप्टी कमिश्नर कपूरथला विशेष सारंगल ने मीट और मछली की दुकाने बंद रखने के आदेश जारी किए है। फौजदारी संहिता 1997 की धारा 144 के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी आदेशों में इस उत्सव की धार्मिक महत्ता के चलते कपूरथला, सुल्तानपुर लोधी और भुलत्थ सब-डिवीजन की सीमा के अंदर 4 फरवरी को नगर कीर्तन के दौरान उस रूट पर मीट और मछली की दुकानें बंद रहेगी।

# पंजाब विधान सभा स्पीकर द्वारा मातृभाषा दिवस सम्बन्धी विधायकों के साथ विचार-चर्चा 7 फ़रवरी को

### अदालतों में पंजाबी को लागू करवाने की महत्ता के बारे लामबंदी

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़



पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने मातृभाषा के बारे विधायकों को संवेदनशील बनाने का फ़ैसला किया है।

विधान सभा के एक प्रवक्ता के अनुसार लोक महत्ता के विभिन्न मुद्दों पर विधायकों को संवेदनशील बनाने के लिए विधान सभा स्पीकर की तरफ से आरंभ की गयी मुहिम के तहत स. संधवां पंजाबी भाषा/बोली के बारे 7 फरवरी को विधान सभा सचिवालय में एक विचार-चर्चा रखी गई है जिसमें विधायकों, अधिकारियों और साहित्यकारों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। प्रवक्ता के अनुसार स. संधवां ने 21 फरवरी को मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मद्देनज़र इस बार मातृभाषा को प्रफुल्लित करने के लिए यह विचार-चर्चा रखी है। इसके साथ ही राज्य की अदालतों में मातृभाषा पंजाबी को लागू करने सम्बन्धी भी विधायकों को संवेदनशील बनाया जायेगा।

गौरतलब है कि पंजाब सरकार की तरफ से भी मातृभाषा की अहमीयत के बारे लोगों को अवगत करवाने और पंजाबी को लागू करने सम्बन्धी मुहिम आरंभ की हुयी है। इसके तहत नवंबर महीने को पंजाबी माह के तौर पर मनाया गया। इस माह के दौरान अमृतसर में एक राज्य स्तरीय समागम के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बड़ा फ़ैसला करते हुये राज्य भर में 21 फरवरी, 2023 तक सभी बोर्डों पर पंजाबी भाषा को प्रमुख प्राथमिकता देने का ऐलान किया। कोई भी सरकारी, प्राईवेट या अन्य बोर्डों पर सबसे ऊपर पंजाबी भाषा लिखनी लाज़िमी होगी, इसके बाद कोई भी भाषा लिखी जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी के बाद इन हुक्मों की पालना न करने पर जुर्माने किये जाएंगे। विधान सभा स्पीकर ने अदालतों में भी पंजाबी को लागू करवाने की महत्ता के बारे लामबंदी की है।

## वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने संबंधी 5 फरवरी को लगने वाला स्पैशल कैंप अब 12 को

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर



डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने कहा कि वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने संबंधी 5 फरवरी को लगने वाला स्पैशल कैंप मुख्य चुनाव अधिकारी पंजाब की हिदायतों के अनुसार अब 12 फरवरी को लगेगा।

उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व के चलते स्पैशल कैंप की तिथि में बदलाव किया गया है। उन्होंने समूह चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अंतर्गत आते समूह सुपरवाइजरों व बी.एल.ओज को 12 फरवरी को स्पैशल कैंप के दौरान पोलिंग बूथों पर बैठना यकीनी बनाने की हिदायत दें। जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि 12 फरवरी को जिले के सभी बी.एल.ओज सुबह 9 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक वोटरों से फार्म नंबर 6-बी प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी पंजाब के निर्देशों के मुताबिक वे सुपरवाइजरों व बी.एल.ओज के माध्यम से पोलिंग बूथों पर स्पैशल कैंप इस लिए लगाए जा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया जा सके। इस लिए अधिक से अधिक वोटर इस कैंप का लाभ लेकर अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करें। उन्होंने बताया कि अगला कैंप 05 मार्च 2023 को लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले से रजिस्टर्ड वोटर, वोटर हैल्पलाइन एप एन.वी.एस.पी. व फार्म 6-बी के माध्यम से अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक कर सकते हैं।



## अमृत विहार गोलीकांड की गुत्थी सुलझी, 4 लुटेरे गिरफ्तार

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

जालंधर पुलिस ने न्यू अमृत विहार में गोलियां चलाकर छात्रों से बाइक छीन फरार होने के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने 4 लुटेरों को गिरफ्तार किया जिनसे 2 पिस्तौल 32 बोर, 4 जिंदा रौंद, एक रिवाल्वर 32 बोर, 5 जिंदा रौंद, एक देसी कट्टा 12 बोर, एक कारतूस 12 बोर, पल्सर बाइक नंबर पीबी 08 डीडब्ल्यू 2209 के साथ-साथ छात्रों से छीना हुआ बाइक बरामद किया है।

आरोपियों की पहचान जोतनाथ उर्फ काका मूल निवासी शेखूपुरा हाल निवासी प्रीत नगर कपूरथला, विकास कुमार उर्फ बिल्ला निवासी अवतार पुर कपूरथला, बोबी निवासी बस्ती बावा खेल जालंधर, अजय कुमार उर्फ अजू पुत्र विनोद कुमार निवासी राजा गार्डन बस्ती बावा खेल जालंधर रूप में हुई है। लिहाल पकड़ने के बाद की गई प्राथमिक पूछताछ में लुटेरों ने 20 लूट की वारदातें कबूल की हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने 6 जनवरी को कपूरथला चौक पर जो 5000 रुपए लूटने की घटना हुई थी उसे भी जोतनाथ और बॉबी ने अंजाम दिया था।

# भंगी चोअ को साफ करने व कूड़े से मुक्त करने के लिए चलाया जाएगा सफाई अभियान

*डिप्टी कमिश्नर ने सफाई अभियान को सफल बनाने संबंधी अधिकारियों व एन.जी.ओज के साथ की बैठक*



• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर-कम-कमिश्नर नगर निगम कोमल मित्तल ने कहा कि 8 फरवरी से 24 फरवरी तक होशियारपुर शहर के बीच से गुजर रहे भंगी चोअ को साफ करने व कूड़े से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नगर निगम, वन विभाग, ड्रेनेज विभाग, एन.एस.एस. वालंटियरों, सिविल सोसायटियों, एन.जी.ओज व अन्य वालंटियरों का सहयोग लिया जाएगा। वे आज जिला प्रशासकीय कांप्लेक्स में इस अभियान को सुचारु रुप से चलाने के लिए अलग-अलग विभागों के अधिकारियों, एन.जी.ओज की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कोमल मित्तल ने होशियारपुर वासियों, शहर की अलग-अलग सोसायटियों, एन.जी.ओज, रेसीडेंस वेलफेयर सोसायटियों, स्कूलों व कालेजों को इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि वे इस सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर सहयोग करें ताकि हम अपने शहर को साफ सुथरा बना सकें। उन्होंने कहा कि पार्षदों के सहयोग के बिना इस अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता, इस लिए वे भी इसमें हर संभव सहयोग दें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भाग लेने के लिए संस्थाएं, एन.जी.ओज आदि 6 फरवरी तक फोन नंबर 80549-34009 पर अपनी रजिस्ट्रेशन करवाना यकीनी बनाएं। बैठक में अलग-अलग विभागों के अधिकारी व एन.जी.ओज के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

08 फरवरी को ऊना रोड से नगर निगम कार्यालय तक, 09 व 10 को धोबी घाट से आदमवाल रोड तक, 11 व 12 को धोबी घाट चौक से शनिदेव मंदिर तक, 13 व 14 को नई आबादी से सुखियाबाद रोड पुल तक, 15 व 16 को शनिदेव मंदिर से भंगी पुल तक, 17,18 व 19 को सुखदेव सिंह चौक से आदमवाल पुली तक, 20 व 21 को भंगी चोअ पुल से स्लाटर हाउस तक और 22 से 24 फरवरी तक स्लाटर हाउस से टांडा रोड पुल तक सफाई अभियान चलाया जाएगा।



## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला

कपूरथला के जिला आबकारी अधिकारी नवजोत भारती ने बताया कि उप कमिश्नर (आबकारी) जालंधर जोन राजपाल सिंह खेहरा और सहायक कमिश्नर आबकारी कपूरथला रेंज इंद्रजीत सिंह नागपाल के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अवैध शराब बेचने और कच्ची शराब तैयार कर लोगों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ा गया है। अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए आबकारी विभाग द्वारा गांवों में लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर व पंफलेट बांटकर लोगों को जहरीली शराब के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आबकारी अधिकारी कपूरथला नवजोत भारती के नेतृत्व में कपूरथला के विभिन्न गांवों में मुनादी करवाई गई और लोगों को अवैध शराब पीने के दुष्परिणामों व कई मामलों में जनहानि की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों के बारे में पुलिस और आबकारी विभाग को सूचित करें। विभाग ने हैल्प लाइन नंबर 98759-61126 और इमेल आईडी acxkapurthala.range@punjab.gov.in पर शिकायत और सूचना भेजी जा सकती है।



### 'आप' ने केंद्रीय बजट को पूंजीपति समर्थक बताया, कहा -

# अमृत काल के बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ नहीं

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र की भाजपा सरकार के 'अमृत काल' बजट को पूंजीपति समर्थक बताया और कहा कि इस बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। सरकार ने पूरा बजट अडानी जैसे अपने दोस्तों को समर्पित कर दिया है।

आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने गुरुवार को यहां पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का 'अमृत कल' मोदी के 'अच्छे दिनों' जैसा है। इस मौके पर उनके साथ पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट गोविंदर मित्तल व एडवोकेट रविंदर सिंह मौजूद रहे। कंग ने कहा कि वित्त मंत्री का देश के नागरिकों की आय दोगुनी करने का बयान 2014 में उनके प्रत्येक खाते में 15 लाख रुपये देने जैसा है और देश का हर नागरिक इसकी सच्चाई से वाकिफ है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उनका स्वर्णिम काल ऐसा है जहां हीरे सस्ते हो गए हैं और आटा महंगा हो गया है। 2014 में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाले नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के दौरान कृषि, खाद, बीज, तेल आदि सभी चीजों की दरों को दोगुना और तिगुना कर दिया और देश के किसानों को गलत नीतियों के कारण वित्तीय संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों, नौजवानों, महिलाओं और पिछड़े वर्ग को कुछ भी नहीं दिया गया है, क्योंकि भाजपा सरकार केवल अपने पूंजीपति मित्रों को खुश करने में लगी है। 2014 के 'अच्छे दिनों' में नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन आज देश इतिहास की सबसे खराब बेरोजगारी दर का सामना कर रहा है। मलविंदर कंग ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जब उनकी सरकार आएगी तो हवाई चप्पल वाले हवाई सफर करेंगे, लेकिन 'अडानीकरण' के बाद स्थिति यह है कि आम लोग रेल से सफर तक नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आयकर में छूट को बढ़ावा दे रही है जबकि आम लोगों के पास नोटबंदी, जीएसटी, बेरोजगारी और महंगाई के कारण कोई आमदनी ही नहीं है।

कंग ने मोदी सरकार को याद दिलाया कि 'अच्छे दिन' से पहले भारत पर 53 लाख करोड़ का कर्ज था, जो अब बढ़कर 150 लाख करोड़ हो गया है, तो क्या भाजपा बता सकती है कि 'अमृत काल' के बाद क्या होगा।

कंग ने इस बजट में पंजाब को कोई विशेष पैकेज नहीं देने को लेकर भी भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि एक बार फिर उनका पंजाब विरोधी चेहरा सामने आया है। उन्होंने कहा कि बजट में पंजाब, सीमावर्ती किसानों और फसल विविधता का जिक्र तक नहीं करना पंजाब के लोगों के साथ भेदभाव दर्शाता है।

# डिप्टी कमिश्नर ने सिधवां दोना में लोगों की समस्याएं सुनी

### विकास कार्यों की समीक्षा की-अधिकारियों को काम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के आदेश

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला



कपूरथला के डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने पंजाब सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से कपूरथला ब्लॉक के गांव सिधवां दोना का दौरा किया। उन्होंने गांव के लोगों की समस्याएं भी सुनी और तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार गांवों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है, जिसके तहत विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर योग्य आवेदक तक पहुँचता, यकीनी बनाया जाएगा।

डिप्टी कमिश्नर ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को गांवों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों और ग्रामीणों को निगरान की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। डिप्टी कमिश्नर ने गांव में बने थापर मॉडल तालाब का भी निरीक्षण किया, जिसका पानी शुद्ध कर सिंचाई में उपयोग किया जाता है। डिप्टी कमिश्नर ने गांव में कचरा प्रबंधन के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। इसके इलावा उन्होंने गांव में स्टेडियम, जिम और स्वास्थ्य डिस्पैंसरी का भी दौरा किया। उन्होंने डिस्पैंसरी में इलाज के लिए आए लोगों से बातचीत की और दवाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली। इस अवसर पर बीडीपीओ अमरजीत सिंह, ग्राम पंचायत एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### तीसरे और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को हराकर टीम इंडिया ने 2-1 से अपने नाम की श्रृंखला



फोटो- बीसीसीआई

# टीम के लिए अच्छी पारी खेलकर बेहद खुशी हुई : शुभमन गिल

**अहमदाबाद.** न्यूजीलैंड के खिलाफ टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नाबाद 126 रन जड़कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने अपनी शानदार पारी में कुछ अलग नहीं किया और अपना स्वाभाविक खेल खेला। गिल के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहले शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत दर्ज कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। गिल ने मैच के बाद कहा, ''जब आप अभ्यास करते हैं और इसका फल मिलता है, तो अच्छा लगता है। टीम के लिए अच्छी पारी खेलकर बहुत खुश हूं। छक्के मारने के लिए सबकी अपनी तकनीक होती है।'' उन्होंने कहा, ''हार्दिक भाई ने मुझसे कहा कि मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलूं और मुझे कुछ अतिरिक्त करने की आवश्यकता नहीं है।''

कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि वह मैदान पर फैसले लेते समय आमतौर पर अपने मन की सुनते हैं। पांड्या ने कहा, ''मैंने हमेशा इसी तरह खेल खेला है। मैं स्थिति को समझकर समय की जरूरत के हिसाब से फैसला करता हूं।'' हार से निराश न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने ''उत्कृष्ट'' क्रिकेट खेलने के लिए भारत की सराहना की।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.